आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 21.07.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- संसद का मानसून सत्र आज से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– सरकार ऑपरेशन सिंदूर सहित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार।
- पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा–अर्चना और जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं।
- प्रदेश में कांवड़ यात्रा चरम पर। अबतक तीन करोड़ से अधिक कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगा जल भर कर अपने गंतव्यों के लिए प्रस्थान किया।
- मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत व ऊधमसिंह नगर ज़िलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी देहरादून के स्कूलों में अवकाश घोषित।

मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। इससे पहले दोनों सदनों की कार्यवाही का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कल सर्वदलीय बैठक आयोजित की। सरकार ने संसद की कार्यवाही के संचालन में विपक्ष से सहयोग प्राप्त करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया। लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी को विपक्ष द्वारा उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने कहा कि सरकार सदन में इस मुद्दे पर उचित जवाब देगी। न्यायमूर्ति वर्मा के महाभियोग मामले पर मीडिया के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को सभी दलों के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा।

सावन व्रत

आज सावन माह का दूसरा सोमवार है। आज के दिन तडके से ही उत्तराखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देहरादून के टपकेश्वर मंदिर, ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर और हरिद्वार के दक्षेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

राजधानी देहरादून, टिहरी समेत प्रदेश के अनेक स्थानों पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। मंदिरों में चारों तरफ भोले बाबा के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। लोग कतारों में खड़े होकर धूप, दीप, अक्षत, रोली, चंदन का तिलक, फूल और बेलपत्र से भोले बाबा का जलाभिषेक कर पूजा—अर्चना कर रहे हैं।

कांवड़ यात्रा

सावन माह की कांवड़ यात्रा भी पूरे उत्साह के साथ सुचारू रूप से जारी है। प्रतिदिन लाखों कांवड़िये गंगा घाटों पर स्नान कर गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे हैं। प्रशासन के अनुसार अब तक तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगा जल भर कर अपने गंतव्यों के लिए प्रस्थान किया है। पुलिस प्रशासन के अुनसार बीते दिन 53 लाख कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने शिवालयों के लिए प्रस्थान किया है। शिवभक्त डाक कांवड़ियों के हुजूम से हरिद्वार पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। श्रावण मास की कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी तिथि यानि 23 जुलाई को भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाया जाएगा। इस बीच, गंगा घाटों पर डूब रहे 41 कांवड़ियों में से 39 को एसडीआरएफ और सेना की टीम ने सकुशल रेस्क्यू किया। उधर, उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा वाहन पलटने से 5 यात्री घायल हो गए। वाहन में करीब 13 कांवड़िएं सवार थे।

वहीं, ऋषिकेश में हरियाणा के रेवाड़ी से आए कांवड़िये रामजस ने बताया कि यह उनकी 27वीं यात्रा है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन ने कांवड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य और शौचालय की अच्छी व्यवस्था की है। इसके लिए उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीश ने आज कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से वाद, संवाद, चर्चा, बहस और मंथन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सार्थक चर्चा और गंभीर मंथन देश को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

श्री धनखड ने नई दिल्ली में राज्य सभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के आठवें बेच के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजनीतिक दलों से रचनात्मक राजनीति करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल राष्ट्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए युवाओं को इसके लिए मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तरकाशी जिले के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक की वर्चुअल मौजूदगी में तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 608 पोलिंग बूथ के लिए रिजर्व सहित कुल 671 मतदान पार्टियों का रेंडमाइजेशन किया गया।

शराब बरामद

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए अवैध गतिविधियों और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ पुलिस प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में रुद्रप्रयाग पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से 9 पेटी शराब और 2 पेटी बीयर पकड़ी है। मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम में वाहन को सीज कर दिया गया।

डिजिटाइज

नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावलियां और पेंशन प्राधिकार पत्रों को डिजिटाइज करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

हल्द्वानी कोषागार के कोषाधिकारी गोविंद सिंह गैलाकोटी ने बताया कि निदेशालय से पत्र प्राप्त होने के बाद से ही हल्द्वानी स्थित सभी विभागों के 136 आहरण वितरण अधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है और डिजिटाइजेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। श्री गैलाकोटी ने बताया कि जल्द ही कर्मचारियों की ई–सेवा पुस्तिका और ई–जीपीएफ पासबुक भी तैयार कर ली जाएगी।

बैठक

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत गठित जिला टास्कफोर्स समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए टास्क फोर्स के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए बेटियों के उन्नति और उत्थान के लिए प्रभावशाली योजनाओं पर कार्य करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के अधिकारियों को बालिकाओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रभावशाली योजनाओं और नए प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। जो बालिकाएं आगे पढ़ना चाहती है लेकिन आर्थिक परिस्थितियों के चलते अपनी पढ़ाई जारी रखने में सक्षम नहीं है, जिलाधिकारी ने उनको नंदा सुनंदा योजना का लाभ दिए जाने को कहा। जिलाधिकारी ने बहुउदेशीय शिविरों के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा, कार्य स्थल पर महिला यौन उत्पीडन निवारण अधिनियम की जानकारी देकर जागरूकता लाए जाने पर बल दिया।

मौसम

और अब एक नज़र मौसम पर...... राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकतर ज़िलों में रात से मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। बागेश्वर में कल रात से जारी बारिश से सरयू नदी का जलस्तर बढ़ गया है। साथ ही कई संपर्क मार्ग के अवरूद्ध होने की खबर है। वहीं, रुद्रप्रयाग में भी हल्की बारिश हो रही है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर ज़िलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शेष ज़िलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान है। साथ ही विभाग ने अगले पाँच दिनों तक प्रदेश में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते आज राजधानी देहरादून के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। भारी बारिश को देखते हुए शासन–प्रशासन को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पेयजल योजनाओं का निरीक्षण

प्रदेश प्रशासन के पेयजल सचिव शैलेश बगौली ने ऊधम सिंह नगर में पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कर अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन में समयबद्ध कार्ययोजना और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता, क्रियाशील नल कनेक्शनों जल जीवन मिशन की स्थिति और पेयजल आपूर्ति की प्रभावशीलता का गहन आकलन किया।

उन्होंने बताया कि दानपुर एकल ग्राम पेयजल योजना के अंतर्गत 314 परिवारों को FHTC कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।